सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 107 | इंदौर, सोमवार 23 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Israel Hamas War: इस्राइल-हमास संघर्ष में मौतों का आंकड़ा 6000 के पार, ईरान ने जारी की चेतावनी**
2. **Israel Hamas War: रिहायशी इमारत पर हमले में 30 फलस्तीनियों की मौत, 24 घंटे में गई 266 की जान**
3. **Assembly Election: दिग्विजय सिंह ने चुनाव आयोग से की अपील, वीवीपैट पर्चियां मतदाताओं को देने की मांग**
4. **Elon Musk: मस्क ने मेटा के बाद विकिपीडिया से लिया पंगा, कहा- अगर नाम बदला तो दूंगा एक अरब डॉलर**
5. **Wagh Bakri Tea: वाघ बकरी ग्रुप के कार्यकारी निदेशक पराग देसाई का निधन, हादसे में हो गए थे जख्मी**
6. **मोमोज को लेकर बवाल: दो पक्षों में मारपीट के बाद हुआ पथराव, पीएसी जवानों पर भी फेंके पत्थर; पुलिस का लाठीचार्ज**
7. **Telangana: 'यकीन है नुपुर को भी PM का आशीर्वाद मिलेगा', राजा सिंह का निलंबन रद्द करने पर भाजपा पर भड़के ओवैसी**

### ◆ महिला आरक्षण बिल का श्रेय लेने वाली भाजपा

# महिलाओं को टिकट देने में पिछड़ी, कांग्रेस आगे निकली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। केंद्र के 33% महिला आरक्षण बिल के लोकसभा और राज्यसभा में पास होने के बाद इसके लागू होने में अभी चार से पांच साल का समय लगेगा। इसको लेकर दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दल श्रेय ले रहे हैं। कांग्रेस इसे उनकी सरकार के समय का बिल बता रही है तो भाजपा उसे दोनों सदन में पास कराने की पहल करने की बात कर रहे है। ऐसे में लोगों को उम्मीद थी कि दोनों दल आगामी विधानसभा चुनाव में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देंगे, लेकिन इसमें उनको निराशा ही हाथ लगी है। महिला आरक्षण बिल पास कराने का श्रेय लेने वाली भाजपा तो महिलाओं को टिकट देने में कांग्रेस से भी पिछड़ गई है। 230 विधानसभा वाली सीट पर भाजपा ने महिलाओं को 28 टिकट दिए हैं। यह कुल सीट का सिर्फ 12 फीसदी हैं। यह महिला आरक्षण बिल में तय रिजर्वेशन का एक तिहाई ही हैं। हालांकि कांग्रेस ने भजपा से एक फीसदी ज्यादा टिकट दिए हैं।



### ◆ 48.5 प्रतिशत महिला वोटर

मध्य प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में कुल मतदाता 5.61 करोड़ हैं। इसमें पुरुष मतदाता 2.88 करोड़ और महिला मतदाता 2.72 करोड़ हैं। प्रदेश में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 51.41 प्रतिशत और महिला मतदाताओं की संख्या 48.57 प्रतिशत है। इसके बावजूद दोनों ही राजनीतिक दलों ने सिर्फ 57 महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा है। प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव में 18 महिला उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। इसमें नौ भाजपा, आठ कांग्रेस और एक बसपा से महिला प्रत्याशी चुनाव जीती थी।

### ◆ 29 सीट पर महिला मतदाता ज्यादा

प्रदेश की 29 महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। इन सीटों पर भी भाजपा और कांग्रेस दोनों ने कुल आठ महिला प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। इसमें पांच पर भाजपा और तीन पर कांग्रेस ने महिलाओं को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने बालाघाट में मंत्री गौरी शंकर बिसेन की बेटी मौसम बिसेन को टिकट दिया है। वहीं, पेटलावाद से निर्मला भूरिया, सैलाना से संगीता चारेल, इंदौर चार से मालिनी गौड़ और मंडला से संपतिया उइके को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने बालाघाट में अनुभा मुजारे, जोबट में सेना पटेल और उज्जैन उत्तर से माया त्रिवेदी को प्रत्याशी बनाया है।

### इन सीटों पर नहीं दिया टिकट-

महिला मतदाताओं की संख्या ज्वादा वाली सीटों में कटंगी, रतलाम सिटी, वारासिवनी, सरदारपुर, मनावर, बदनावर, सेंधवा, जावरा, शहपुरा, छिंदवाड़ा, पुष्पराजगढ़, थांदला, झाबुआ, डिंडोरी, बरघाट, अलीराजपुर, पानसेमल, कुक्षी, परसवाड़ा, बिछिया, निवास, बैहर शामिल हैं।

### सागर में चार महिलाओं को टिकट

कांग्रेस ने महिलाओं को भाजपा से ज्यादा टिकट दिए हैं। इसमें सागर जिले में चार महिला प्रत्याशियों को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने खुरई में मंत्री भूपेंद्र सिंह और रहली में मंत्री गोपाल भार्गव के सामने महिला प्रत्याशी उतारे हैं। खुरई से रक्षा राजपूत, रहली से ज्योति पटेल, सागर से निधि जैन और बीना में निर्मला सप्रे को प्रत्याशी बनाया है।

**अपने घर से ही शुरू करें आंदोलन**

# पापा शराब पीकर आए तो कर दो भूख हड़ताल : विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बच्चों जिस दिन भी पापा शराब पीकर आए, आप भूख हड़ताल कर दो, इसके बाद आज नहीं तो कल पापा जरूर सुधर जाएंगे। लोगों की शराब छुड़ाने की अलग हटकर यह तरकीब भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं इंदौर-1 के प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय ने उस समय दी जब मांग मराठी समाज के सम्मेलन में एक महिला ने पति द्वारा शराब पीकर मारपीट करने की शिकायत की।**



60 फीट रोड स्थित गुरुकृपा वाटिका में आयोजित मांग मराठी समाज के सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि गरीबों की गरीबी दूर करने की योजनाएं केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लागू की है। गरीब का दर्द क्या होता है गरीब ही समझ सकता है, कोई और नहीं। हमारे देश के प्रधानमंत्री ने गरीबी देखी है, वह चाय बेचते थे, उन्हें गरीबों का दर्द मालूम है। हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री छोटे से किसान के बेटे हैं, गरीबी क्या होती है उनको मालूम है। दिग्विजय सिंह को क्या मालूम वो राजा है, कमलनाथ उद्योगपति हैं, उन्हें क्या मालूम गरीबी क्या होती है। विजयवर्गीय ने कहा कि विधायक बनने के बाद मैं सबसे पहले ब्राउन शुगर बेचने वालों की कमर तोड़ कर रख दूंगा। इस दौरान एक महिला ने पति द्वारा शराब पीकर हंगामा करने की शिकायत की, जिस पर विजयवर्गीय ने कहा कि शराब के विरोध में अपने घर से ही आंदोलन शुरू करना है। बच्चों को भूख हड़ताल करना है। बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी तुम्हारे पापा शराब पीकर आए और हंगामा करे तो बच्चे घर से बाहर निकाल कर भूख हड़ताल कर दो, पापा से कह दो कि जब तक पापा शराब पीना नहीं छोड़ेंगे तब तक हम खाना नहीं खाएंगे। जब मैं इंदौर-2 का विधायक था तब बस्तियों से इस तरह की शिकायत आती रहती थी। तब मैं वहां की महिलाओं और बच्चों को यही सलाह दी थी। इसके चलते कई लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया। जहां लोग शराब पीते हैं, वहां बच्चों को समझाना पड़ेगा, बच्चों शराब नहीं पीना है और पापा को भी नही पीने देना है। रोज सुबह मंदिर जाना है, हनुमान चालीसा का पाठ करना है, अपने माता-पिता के चरण छूना है, हम बच्चो को संस्कार देंगे।

# मातृशक्तियों ने विधायक मेंदोला को जिताने का लिया संकल्प



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर की विधानसभा 2 के वार्ड 26 में मातृशक्तियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का शनिवार को सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद रहीं। पार्टी द्वारा विधायक रमेश मेंदला को विधानसभा-2 का प्रत्याशी घोषित करने के बाद से ही कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह हैं। यही उत्साह कार्यकर्तालिन के दौरान भी देखने को मिला।

कार्यक्रम में विधायक मेंदोला, नगर महामंत्री सुधीर कोल्हे, रामायण मंडल अध्यक्ष पिंटू चौधरी, पार्षद लालबहादुर वर्मा, सुजान सिंह शेखावत, पप्पू ठाकुर, महामंत्री मनीष मिमरोट, वार्ड अध्यक्ष गौरव सोलंकी, गोलू बेंडवाल, दीपक बेंडवाल, यश बौरासी, इन्दु जातवा, पप्पी सिरसाट एवं सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मेंदोला ने मौजूद सभी मातृशक्ति का आभार माना। मेंदालो ने उन्हें प्रणाम करते हुए कहा कि मुझे आप सभी का आशीर्वाद चाहिए। भाजपा की डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए। कुछ समय पहले जो शहर का सबसे पिछड़ा एरिया था, जो कि मिल क्षेत्र के नाम से जाना जाता था, आज वह शहर के सबसे विकसित क्षेत्रों में गिना जाता है। आज विधानसभा-2 में शहर के सबसे बड़े-बड़े मॉल, होटल, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल हैं।

## विधानसभा क्षेत्रवार व्यय प्रेक्षक नियुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इंदौर जिले के विधानसभा क्षेत्रों के लिये व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इन व्यय प्रेक्षकों को व्यय संबंधी शिकायतें मोबाइल नंबर पर दर्ज करायी जा सकती है। डॉ. अम्बेडकर नगर महू एवं राऊ के लिये नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण कतारकी को मोबाइल नंबर 72285-97285, विधानसभा क्षेत्र देपालपुर एवं इंदौर-1 के लिये नियुक्त श्री आलोक श्रीवास्तव को मोबाइल नंबर 86021-42746, विधानसभा क्षेत्र सांवेर के लिये नियुक्त श्री मेरूगु सुरेश को मोबाइल नंबर 62668-59420, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-4 एवं इंदौर-5 के लिये नियुक्त श्री रणविजय कुमार को मोबाइल नंबर 93019-68683 तथा विधानसभा क्षेत्र इंदौर-2 के लिये नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री अमित संजय गुरव को मोबाइल नंबर 74893-69125 पर व्यय संबंधी शिकायतें दर्ज करायी जा सकती है।

# रणजीत हनुमान मंदिर में मना महाष्टमी पर्व

**कन्या भोज का हुआ आयोजन**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर के प्रसिद्ध श्री रणजीत हनुमान मंदिर परंपरानुसार नवरात्रि के पावन पर्व पर महाष्टमी पर कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पहले ही की जा चुकी थी। रविवार सुबह कन्याओं के मंदिर परिसर में आने के बाद उनका पूजन किया गया। जिसके बाद उन्हें भोजन कराया गया।इस आयोजन में रणजीत हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पं.दीपेश व्यास ने परंपरानुसार छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन किया और उनका आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही मंदिर परिसर के अन्नक्षेत्र में ही उनके भोजन की व्यवस्था की गई, जहां पर उन्होंने कन्याओं को भोजन परोसा। भोजन के बाद कन्याओं को भेंट दी गई।



**कटाक्ष**




# विधानसभा निर्वाचन में प्रत्याशी अधिकतम खर्च कर सकेंगे 40 लाख रूपए

**व्यय प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों द्वारा खर्च की जाने वाली राशि की निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की**

◆ व्यवस्था को बताया चाक-चौबंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षकगण श्री प्रवीण कतारकी, श्री आलोक श्रीवास्तव, श्री मेरूगु सुरेश, श्री रणविजय कुमार तथा श्री अमित संजय गुरव आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने व्यय लेखा टीम और निगरानी दलों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने में विधानसभा निर्वाचन के दौरान की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले में की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। सराहना करते हुये उन्होंने कहा कि इंदौर में विधानसभा निर्वाचन के लिये बहुत अच्छी व्यवस्थाएं और तैयारी हैं। जिले में निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप



चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री सुनील मेहता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में प्रेक्षकगणों ने निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा खर्च की जाने वाली राशि की निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की। बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान एक अभ्यर्थी अधिकतम 40 लाख रूपये खर्च कर सकते हैं। बताया गया कि खर्च की निगरानी के लिये 17 सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त किये गये हैं। 30 फ्लाइंग स्क्वाड, 35 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 27 वीडियो सर्विलांस टीम, 10 वीडियो व्यूइंग टीम, 9 लेखा दल, एक-एक कंट्रोल रूम, जिला व्यय निगरानी दल, जिला स्तरीय एमसीएमसी प्रकोष्ठ तथा जिला व्यय निगरानी सेल का गठन किया गया है।

# 30 सालों बाद मजदूरों को जागी हक का पैसा मिलने की उम्मीद, निकले खुशियों के आंसू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में 30 साल पहले बंद हुई हुकमचंद मिल के श्रमिकों की 1641 वीं बैठक खुशियों भरी रही। जैसे ही श्रमिक नेता नरेंद्र श्रीवंश ने बैठक में बताया कि मजदूरों और उनके परिवारों को ब्याज सहित 218 करोड़ रुपये मिलेंगे और इसकी प्रक्रिया भी जल्दी ही शुरू होने जा रहा है। यह सुनते ही झुरियों से भरे श्रमिकों के चेहरे पर चमक आ गई और मुस्कान खिल उठी। श्रमिक परिवार की कुछ महिलाएं भी बैठक में शामिल थीं। उनमें से कुछ की आंखों में खुशी के आंसू भी नजर आए।**

वर्षों से श्रमिक इस इंतजार में इस बैठक में आते थे कि कभी तो उनके हक में फैसला आएगा। दरअसल हाल ही में हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से ब्याज सहित राशि देने के दस्तावेज पेश किए गए और बताया गया कि जल्दी ही मजदूरों को उनका पैसा दिया जाएगा।

हुकमचंद मिल मजदूर कर्मचारी अधिकारी के अध्यक्ष नरेन्द्र श्रीवंश ने बताया कि हुकमचंद मिल के श्रमिकों की ऐतिहासिक जीत हुई है। देश की अन्य किसी भी कपड़ा मिल मे इतना बड़ा क्लेम नहीं मिला। यह हमारी मेहनत की जीत है,क्योकि श्रमिकों ने लगातार संघर्ष जारी रखा। बैठक में बताया गया कि दो साल पहले 62 करोड़ रुपये मिल मजदूरों को मिले थे और अब ब्याज सहित 218 करोड़ रुपये और मिलेंगे। गृह निर्माण मंडल इस जमीन पर प्रोजेक्ट को मूर्त रुप देगा।

## ◆ दो हजार से ज्यादा मजदूरों की मौत

हुकमचंद मिल 30 साल पहले बंद हुई थी। वर्षों तक मजदूरों को उनके हक का पैसा मिल प्रबंधन ने नहीं दिया। श्रमिकों ने कोर्ट में लड़ाई लड़ी। 30 सालों में 2 हजार से ज्यादा श्रमिकों की मौत हो गई और 60 से ज्यादा श्रमिकों ने आत्महत्या कर ली। जो मजदूर मर गए, उनके परिवारों ने भी श्रमिकों की लड़ाई में साथ दिया और हर रविवार मिल परिसर में होने वाली बैठक में वे आते रहे। चाहे गर्मी हो या बरसात, श्रमिकों की बैठक का सिलसिला कभी नहीं टूटा।

## ◆ 42 एकड़ जमीन है मिल की

हुकमचंद मिल की 42 एकड़ जमीन है। पहले मिल की जमीन बिकने की कोशिश हुई, लेकिन कोई खरीददार आगे नहीं आया। फिर सरकार ने मिल की जमीन पर अपना हक जताया और कोर्ट में श्रमिकों को उनका पैसा देने की बात कही। मिल पर श्रमिकों के अलावा कुछ बैंकों का भी बकाया है। जिसे सरकार चुकाएगी। हाऊसिंग बोर्ड के अफसर मिल की जमीन देख चुके है। अगले साल इस जमीन पर प्रोजेक्ट आकार लेने लगेगा।

**इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिये एक और नवाचार**

# निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया मामलों पर अंग्रेजी में जारी किये गये निर्देशों-नियमों (कम्पेडियम) का हिंदी अनुवाद जारी





◆ प्रदेश में अपने तरह की पहली अनूठी पहल

◆ व्यय प्रेक्षकगणों ने इस नवाचार की सराहना की-कहा यह एक ऐसा मार्गदर्शक दस्तावेज जो कार्य को बनाएगा आसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी के मार्गदर्शन में एक और नवाचार किया गया है। जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया मामलों पर अंग्रेजी में जारी किये गये निर्देशों-नियमों (कंपेडियम) का हिंदी अनुवाद जारी किया गया है। यह प्रदेश में अपने तरह की पहली अनूठी पहल हैं। इस हिन्दी अनुवाद में मीडिया के लिये जारी नियम और निर्देशों का विशेष रूप से अनुवाद कर जारी किया गया है। आज इस हिन्दी अनुवाद के कंपेडियम की प्रतियां भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षकगणों श्री प्रवीण कतारकी, श्री आलोक श्रीवास्तव, श्री मेरूगु सुरेश, श्री रणविजय कुमार तथा श्री अमित संजय गुरव को भेट की गई।**

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, मीडिया प्रबंधन के नोडल अधिकारी तथा संयुक्त संचालक जनसम्पर्क डॉ. आर.आर. पटेल मौजूद थे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षकगणों ने इंदौर में हुये इस नवाचार की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह एक बेहतर प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा अद्यतन दस्तावेज हिन्दी भाषा में हो गया है इससे सभी संबंधितों को मार्गदर्शक के रूप में काम आयेगा। इससे कार्य करने में बेहद आसानी होगी। व्यय प्रेक्षकगण आज मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ के निरीक्षण के लिये जिला पंचायत पहुंचे थे।

मीडिया प्रबंधन के नोडल अधिकारी तथा संयुक्त संचालक जनसम्पर्क डॉ. आर.आर. पटेल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु सीईओ और डीईओ के लिये मीडिया मामलों पर आधारित कम्पेडियम अंग्रेजी भाषा में जारी की गई। इस कम्पेडियम को आसानी से समझने और इसमें दिये गये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो सके, इस उद्देश्य से इसका हिन्दी रूपान्तरण करके सुविधाजनक बनाया गया है।

अंग्रेजी भाषा में जारी इस कम्पेडियम का संयुक्त संचालक जनसम्पर्क एवं नोडल अधिकारी मीडिया प्रबंधन डॉ. आर.आर. पटेल के संयोजन एवं मार्गदर्शन में आईआईपीएस इंदौर के छात्र ज्रीन वर्की जयन, कपिल गिरी गोस्वामी और आदित्य जैन द्वारा हिन्दी अनुवाद किया गया है। इसमें कुल 268 पृष्ठ हैं। जिसमें मुख्य बिन्दुओं का अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद किया गया है। ऐसा करने के लिये छात्रों द्वारा पहले पूरे कम्पेडियम के पीडीएफ फारमेट का अध्ययन किया गया और मैन्युअल हिन्दी अनुवाद किया गया। छात्रों द्वारा इसे केवल 4 दिवस में पूर्ण किया गया है। कम्पेडियम के हिन्दी अनुवाद से दिशा-निर्देशों को पढ़ने और समझने में आसानी होगी और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अच्छी तरह से पालन सुनिश्चित हो सकेगा।

## व्यय प्रेक्षकों ने मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया

व्यय प्रेक्षकगणों श्री प्रवीण कतारकी, श्री आलोक श्रीवास्तव, श्री मेरूगु सुरेश, श्री रणविजय कुमार तथा श्री अमित संजय गुरव ने आज जिला पंचायत पहुंचकर मीडिया मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रानिक तथा सोशल मीडिया पर प्रकाशित और प्रसारित होने वाली खबरों, विज्ञापनों, पेड न्यूज आदि की निगरानी के लिये की गई व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने निगरानी के लिये किये गये इंतजाम को बेहतर बताते हुये सराहना की और कहा कि व्यवस्थाएं और तैयारी देखकर लग रहा है कि निश्चित ही निर्वाचन पूर्ण पारदर्शी, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न होंगे।

# 20 साल बाद इंदौर में दो परिवार एक बार फिर विधानसभा चुनाव में आमने-सामने



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 20 साल बाद इंदौर में दो परिवार एक बार फिर 2023 के विधानसभा चुनाव में आमने-सामने चुनाव लड़ते नजर आएंगे। 2003 में हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने इंदौर-3 से जहां अश्विन जोशी को अपना प्रत्याशी बनाया था तो वहीं बीजेपी ने राजेंद्र शुक्ला को अपना प्रत्याशी बनाया था। अब एक बार फिर यह परिवार चुनाव मैदान में एक दूसरे के खिलाफ प्रचार-प्रसार करता हुआ नजर आएगा।**

2003 में इंदौर-3 से बीजेपी से चुनाव लड़ चुके राजेंद्र शुक्ला के चचेरे भाई गोलू शुक्ला को बीजेपी ने इस बार अपना उम्मीदवार बनाया है तो दूसरी ओर 2003 में कांग्रेस से चुनाव लड़ चुके अश्विन जोशी के चचेरे भाई पिंटू जोशी को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है। बता दें कि 2003 में चुनाव लड़े राजेंद्र शुक्ला बीजेपी के दिग्गज नेता विष्णु प्रसाद शुक्ला के बेटे हैं तो वहीं अश्विन जोशी कांग्रेस के दिग्गज नेता महेश जोशी के भतीजे हैं। वहीं अब चुनाव लड़ रहे गोलू शुक्ला बीजेपी के दिग्गज नेता विष्णु प्रसाद शुक्ला के भतीजे है तो पिंटू जोशी कांग्रेस के दिग्गज नेता महेश जोशी के बेटे हैं। गोलू शुक्ला और पिंटू जोशी दोनों ही पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं गोलू शुक्ला को 25 दिन इंदौर-3 का चुनाव लड़ने के लिए मिले हैं। जबकि पिंटू जोशी 2003 से इस क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने 2003 में भाई अश्विन जोशी के चुनाव के लिए काम करना शुरू कर दिया था और 2008, 2013 और 2018 के चुनाव में भी काम किया। इस लिहाज से देखें तो पिंटू को 20 साल का चुनाव लड़ने का अनुभव जबकि गोलू पहली बार ही मैदान में हैं। हालांकि गोलू 2004 में वार्ड क्र.6 से पार्षद का चुनाव लड़ चुके है जिसमें उनकी हार हुई थी।

# मां दुर्गा ने जैसे राक्षसों को मारा वैसे ही हम भी..., विपक्ष पर बरसे शिवराज सिंह चौहान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मऊगंज। देश में नवरात्रि की धूम है और कई जगहों पर लोग मां दुर्गा की इस वक्त पूजा-अर्चना करने में लीन हैं। इस बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी एक रैली में विपक्ष पर निशाना साधते हुए मां दुर्गा के उस रूप को याद किया जिस रूप में उन्होंने राक्षसों का दलन किया था। राज्य के मऊगंज जिले में मौजूद शिवराज सिंह चौहान ने सनातन धर्म का भी जिक्र किया और विपक्ष को निशाने पर लिया। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'कांग्रेस अब गठबंधन बना रही है, INDI गठबंधन बना लिया और गठबंधन के लोग कह रहे हैं सनातन मलेरिया, डेंगू है इसे खत्म करना होगा... अरे तुम क्या करोगे कांग्रेसियों, कई आए और चले गए, कोई सनातन की तरफ उंगली नहीं उठा पाया।'**



शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'घबराई हुई कांग्रेस गठबंधन कर रही है। वो अलग-अलग पार्टियों को जुटा रही है इसमें समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी, इत्यादि हैं। वो ऐसा इसलिए कर रही है क्योंकि उन्हें पता है कि बीजेपी हारने वाली नहीं है। उन्होंने एक गंठबंधन बनाया - INDI गठबंधन। इस गठबंधन के लोग कहते हैं कि सनातन धर्म मलेरिया और डेंगू है तथा इसे खत्म करना चाहिए। ये लोग विकास-विरोधी हैं। यह लोग पीएम मोदी की लोकप्रियता से घबरा गए हैं। उनको पता है कि पीएम मोदी उन्हें नहीं बख्शेंगे जो भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं।'

शिवराज ने आगे कहा, 'कांग्रेस के शासनकाल में अगर कोई भ्रष्टाचार में पकड़ा जाता था तो उसे कभी सजा नहीं मिलती थी। लेकिन अब अगर कोई गलत काम करता है जो उसे जेल की सलाखों के पीछे जाना होगा। कांग्रेस और आप के कई नेता जेल में हैं। जिस तरह मां दुर्गा ने राक्षसों का वध किया, उसी तरह हम भी दुर्गा अष्टमी पर यह प्रण लें कि जो लोगों के अधिकार छिनते हैं हम उन्हें नहीं छोड़ेंगे।'इससे पहले अपने एक वीडियो संदेश में कांग्रेस पर प्रहार करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जिस तरह शिवसेना महाराष्ट्र में दो हस्सिों में बंट गई थी, वैसे ही अब कांग्रेस मध्यप्रदेश में दो हस्सिों में बंट गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वादे नहीं करती, हम काम कर रहे हैं और जो काम कर रहे हैं, वो बता रहे हैं। कांग्रेस के लोग रोज झूठे वादे करते हैं, कांग्रेस ने मोहब्बत की दुकान नहीं बल्कि झूठ की दुकान खोल रखी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दूसरा 'महाझूठ पत्र' तो ले आई, पहले वचन पत्र का क्या हुआ।

## दो बड़े अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का पर्दाफाश

# 15 ठिकानों पर दबिश, 62 हथियार के साथ 4 गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी**। मध्य प्रदेश की बड़वानी पुलिस आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने में लगी हुई है। पुलिस को देर रात बड़ी सफलता हाथ लगी है, जिसमें कुल 200 पुलिसकर्मियों की टीमों ने अलग-अलग जगह पर दबिश देकर 62 अवैध हथियारों को जब्त किया है, तो वहीं इस दौरान एक ही रात में पुलिस ने दो बड़े अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरोह को भी पकड़ते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए एक कुख्यात आरोपी बलवीर सिंह पर तीन अलग-अलग थानों में आपराधिक रिकॉर्ड मिलने के चलते पुलिस ने रासुका लगाने जैसी बड़ी कार्रवाई भी की है। बताया जा रहा है कि पिछले 10 वर्षों के दौरान अवैध हथियारों के खिलाफ यह बड़वानी पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई रही है। बड़वानी जिले के थाना वरला अंतर्गत लगाए गए इंटर स्टेट चेकिंग नाके पर देर रात पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोक कर पूछताछ की। इसमें महाराष्ट्र के जलगांव निवासी मोटरसाइकिल सवार राकेश बाविस्कर के पास से पुलिस को 10 अवैध हथियार बरामद हुए। पुलिस की पूछताछ में अंतर राज्यीय हथियार सौदागर राकेश ने पुलिस को बताया कि यह हथियार उसने उमरटी के रहने वाले सिकलीगर बलवीर सिंह से खरीदे हैं। उसने बताया कि कुल 25 हथियार खरीदे थे, जिनमें से चुनाव के चलते जगह-जगह चेकिंग पॉइंट होने की वजह से दो खेप में हथियार ले जाना तय हुआ था।

### दो थानों की टीमों ने पकड़े 27 हथियार

इसी तरह थाना पलसूद की पुलिस टीम ने भी संदिग्ध अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इसमें 22 अवैध हथियार जब्त करते हुए इंदौर के स्मृति नगर थाना अंतर्गत एरोड्रम क्षेत्र में रहने वाले एक आरोपी तन्मय पिता दिलीपसिंह हाडा ठाकुर को गिरफ्तार किया गया, तो वहीं जिले के थाना पाटी में भी अलग-अलग संदिग्ध स्थानों पर पुलिस टीमों के द्वारा दबिश दी गई थी। इसमें पांच अवैध हथियार जब्त करते हुए थाना पलसूद के अंतर्गत आने वाले ग्राम उंडी खोदरी के एक आरोपी त्रिलोकसिंह पिता जग्गु सिंह भाटिया को गिरफ्तार किया गया।

### 200 पुलिसकर्मियों ने 15 ठिकानों पर दी दबिश

वहीं इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए बड़वानी एसपी पुनीत गहलोद ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अवैध हथियारों की खरीद बिक्री पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए बड़वानी पुलिस सक्रिय है, और पुलिस के द्वारा इंटर स्टेट और इंटर डिस्ट्रिक्ट नाके लगाए गए हैं। शुक्रवार देर रात 200 पुलिसकर्मियों ने बड़वानी जिले के अलग-अलग 15 ठिकानों पर दबिश दी, जिसमें पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस दौरान पुलिस ने चार पिस्टल, 58 देसी कट्टे सहित हथियार बनाने का सामान, दो मोबाइल और दो मोटरसाइकिलों को भी जब्त किया है।

## ◆एसएफटी ने चलाया जांच अभियान

# तीन अलग-अलग क्षेत्रों से जब्त किये 17 लाख रुपये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। विधानसभा चुनाव को लेकर आयोग के निर्देश पर शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में एसएसटी पॉइंट बनाए गये है। जहां 24 घंटे वाहनों की चेकिंग की जा रही है। शनिवार सुबह 6 बजे नरवर थाना क्षेत्र के पालखंदा में चेकिंग के दौरान देवास की ओर से आ रही एक कार को रोका गया। जिसमें आष्टा का रहने वाला अमन अली सवार था। एफएसटी टीम ने कार की तलाशी ली, जिसमें से 8 लाख रूपये बरामद किये गये। अमन का कहना था कि वह प्रापर्टी संबंधित काम के लिये रुपये लेकर उज्जैन आ रहा था। आचार संहिता के नियमों के अनुसार लाखों रुपये के पुख्ता दस्तावेज मौके पर नहीं दिखा पाने के चलते टीम ने नरवर पुलिस के साथ बरामदगी की कार्रवाई करते हुए दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा।



### कोतवाली पुलिस ने जब्त किये 3 लाख

कोतवाली पुलिस ने एफएसटी टीम के साथ बुधवारिया क्षेत्र में भी शुरू की थी। इस दौरान बोलेरो की चेकिंग में 3 लाख रुपये मिले। गाड़ी में हिमालय ट्रेडर्स शराब कंपनी का मुनीम सवार था। रुपयों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर कोतवाली पुलिस ने रुपये बरामद करने की कार्रवाई की। सीएसपी ओपी मिश्रा ने बताया कि रुपयों के प्रमाण प्रस्तुत करने पर न्यायालय के सुपुर्द किये जाएगें।

### बड़नगर बाईपास से 6 लाख की बरामदगी

महाकाल पुलिस और चुनाव आयोग की ओर से बनाई गई एफएसटी ने बड़नगर बाईपास मार्ग पर चेकिंग के दौरान स्टांप वेंडर पीयूष भार्गव की कार को रोका था। जिसमें से 6 लाख रुपये बरामद किए गए है। पुलिस ने आचार संहिता के नियमों में कार्रवाई करते रुपयों को जब्त करने की कार्रवाई की है। वेंडर रुपये जमा करने उज्जैन आ रहा था।

### खाचरौद-घटिया में भी जब्त किये रुपये

शनिवार रात घटिया विधानसभा के ग्राम पलवा फंटा आगर से उज्जैन आ रही कार से ढाई लाख रुपये मिले थे। कार चालक विजय रिजवानी निवासी इंदौर रुपयों के संबंध में एफएसटी को संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया था। वहीं खाचरौद पुलिस ने कनवास चेकिंग पॉइंट पर कीटनाशक दवा व्यापारी जितेंद्र पाटीदार निवासी ग्राम घिनोदा की कार से 4.95 लाख रुपए नगद बरामद करने की कार्रवाई की थी।

### महिदपुर में 7 लाख 90 हजार की नगदी व 8 किलो चांदी के जेवर जब्त

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महिदपुर पुलिस एवं कार्यपालिक अधिकारी महिदपुर सन्तुष्टी पाल व उनकी टीम द्वारा संयुक्त चेकिंग के दौरान अंबेडकर चौक महिदपुर से लोकेश पिता कैलाशचन्द्र शर्मा (37) के बैग से 7 लाख 90 हजार रुपए नगद मिले। इतना ही नहीं टीम द्वारा चौक बाजार सराफा से भी चेकिंग के दौरान जगदीश पिता गोपीचन्द्र सोनी (48) के पास रखे बैग की तलाशी ली गई। बैग के अन्दर 8 किलोग्राम चाँदी के आभूषण मिले। जिनकी कीमत लगभग 8 लाख 22 हजार 75 रुपये बताई गई है। जिसके संबंध में संदेही द्वारा खरिदी बिक्री का कोई बिल प्रस्तुत नहीं करने पर उक्त चाँदी को भी टीम द्वारा जब्त किया गया।

# आप में टिकट के 10 लाख रुपए की मांग

## संभावित उम्मीदवार ने नहीं दिए तो काट दी टिकट, ऑडियो वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा। भ्रष्टाचार मिटाने की मुद्दे को भूलकर दिल्ली में अपनी सरकार बनाने वाली आम आदमी पार्टी आज समूचे देश में अपना विस्तार कर रही है। इसी कड़ी में वो मध्य प्रदेश में भी अपने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतार रही है। लेकिन इसी बीच एक ऐसा ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसने पार्टी की छवि को धूमिल किया है।**

दरअसल, रीवा जिले की गुढ़ विधानसभा सीट में पार्टी को टिकट का बंटवारा करना था, जिसको लेकर रीवा जिले के शीर्ष नेता प्रमोद शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी करने वाले शिवमोहन शर्मा से पैसे की डिमांड कर दी। प्रमोद शर्मा ने उम्मीदवार से खुद के लिए चुनाव लड़ने का खर्च मांगा और कहा कि 10 लाख रुपये आप मुझे दीजिए और टिकट ले जाइए। इस बातचीत का एक ऑडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिसमें साफ तौर पर यह कहते हुए प्रमोद शर्मा सुने जा रहे हैं कि 10 लख रुपए आरटीजीएस कर दीजिए, मैं दिल्ली में आम आदमी पार्टी के बड़े नेता के घर में बैठा हूं और यहीं से टिकट फाइनल होगी।

आपको बता दें गुढ़ विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी ने प्रखर प्रताप सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। माना यह जा रहा है कि यह टिकट पहले शिवमोहन शर्मा को मिलने वाली थी, लेकिन 10 लाख रुपए नहीं देने की वजह से उनकी टिकट काट दी गई।

### ऑडियो वायरल होने के बाद दी गई सफाई

हालांकि अब ऑडियो वायरल होने के बाद प्रमोद शर्मा इसे याराना बातचीत कह रहे हैं। उनका कहना है कि बस उन्होंने पैसे की बातचीत की है, ऐसा पार्टी गाइडलाइन में नहीं है कि टिकट के लिए पैसे की मांग की जाए। वहीं आम आदमी पार्टी की ओर से अपना बचाव करते हुए प्रमोद शर्मा ने कहा है कि वह मानहानि का केस भी दायर करेंगे।

New Delhi

# पश्चिमी यूपी में ठंड की दस्तक, सहारनपुर में छाया कोहरा, मेरठ में AQI पहुंचा 250 के पार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बारिश के बाद मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। मेरठ में रविवार को दिन के तापमान में एक डिग्री से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई और तापमान 31 के पार पहुंच गया। रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं सहारनपुर जनपद में सोमवार सुबह कोहरे की चादर छा गई। इससे लोगों को सर्दी का एहसास हुआ। बागपत, मुजफ्फरनगर व शामली बिजनौर समेत वेस्ट यूपी के सभी जिलों में ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह शाम मौसम ठंडा होने लगा है। हालांकि दिन में अभी तेज धूप का असर बरकरार है।



मेरठ शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रेप सिस्टम लागू होने के बाद भी प्रदूषण की रोकथाम नहीं हो पा रही है। रविवार को मेरठ का एक्यूआई 250 के पार पहुंच गया। शाम के समय शहर में धुंध की चादर छा गई। बढ़ते प्रदूषण का वार सेहत पर भी होने लगा है। एक अक्टूबर को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ग्रेप सिस्टम लागू किया था। सभी विभागों को प्रदूषण रोकने की जिम्मेदारी सौंपी गई, लेकिन दीपावली से चंद दिन पहले ही शहर की हवा दूषित होने लगी है। देर शाम शहर को धुंध की चादर ने अपनी आगोश में ले लिया। आंखों में जलन व सांस लेने में शहरवासियों को तकलीफ हुई। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सड़कों पर पानी छिड़कने का कार्य शुरू करा दिया है। साथ ही रोडी, डस्ट व रेत को ढकने के निर्देश दिए हैं। रविवार को मेरठ का एक्यूआई 253 दर्ज किया गया। जयभीमनगर का 263, गंगानगर का 258, पल्लवपुरम का 237 रिकॉर्ड किया। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भुवन प्रकाश यादव ने बताया कि टीम लगातार निरीक्षण कर रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

Uttarakhand

## तुंगनाथ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पहली बार एक लाख पार, अष्टमी पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

**ऊखीमठ (रुद्रप्रयाग), (एजेंसी)** पंचकेदार में तृतीय तुंगनाथ की यात्रा ने नया कीर्तिमान बनाया है। पहली बार दर्शनार्थियों की संख्या एक लाख के पार पहुंच गई है। बाबा के भक्तों के उमड़ने से यात्राकाल में मस्तूरा से तुंगनाथ तक कारोबार को भी नई गति मिली है।

26 अप्रैल से शुरू हुई तृतीय केदार की यात्रा को नया आयाम मिल रहा है। इस वर्ष प्रतिदिन औसतन 500 श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। रविवार को शारदीय नवरात्र की अष्टमी को सुबह से मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटी रही। दोपहर 12 बजे तक तीन हजार श्रद्धालुओं के दर्शन करते ही तृतीय केदार तुंगनाथ में इस वर्ष दर्शनार्थियों की संख्या 1,00,500 पहुंच गई। उत्तराखंड राज्य निर्माण के 23 वर्षों में यह पहला अवसर है, जब यात्राकाल में तृतीय केदार में इतने श्रद्धालु पहुंचे हैं। यहां चोपता से तुंगनाथ तक पूरे पैदल मार्ग पर रौनक बनी हुई है। मंदिर के प्रबंधक बलवीर सिंह नेगी ने बताया, कपाट खुलने के बाद से प्रतिदिन मंदिर में भक्तों की खूब भीड़ उमड़ रही है। यात्रा के बढ़ने से स्थानीय स्तर पर कारोबार को भी गति मिली।

Uttarpradesh

## 4 बच्चों की मां को हुआ इश्क, इलाज के लिए गई अस्पताल, यहां से प्रेमी संग फरार

**देवरिया, (एजेंसी)** देवरिया जिले में मायके में रहने वाली एक चार बच्चों की मां अपने प्रेमी संग फरार हो गई। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, महिला ने अपने पति पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला के पिता का कहना है कि उसके प्रेमी की नजर जमीन पर है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली चार बच्चों की मां देवरिया मेडिकल कॉलेज में रहकर सफाई की कार्य करती थी। इसी बीच अस्पताल में घूमने वाले एक व्यक्ति से आंखें चार हो गई। दो रोज पूर्व महिला की तबीयत अचानक खराब हुई तो पिता ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज देवरिया में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा था। महिला ने अपने पिता से पपीता लाने के लिए कहा कि जब पपीता लाने पिता मेडिकल कॉलेज के बाहर गया तो इसी बीच प्रेमी मौका देखकर महिला को भाग ले गया।

Uttarpradesh

## श्रीराम को वध करने पर भेज देता जेल, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर की आपत्तिजनक टिप्पणी, एफआईआर

**प्रयागराज, (एजेंसी)** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक असिस्टेंट प्रोफेसर पर हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि यदि आज प्रभु श्री राम होते तो मैं ऋषि शम्भुक का वध करने के लिए उनको आईपीसी की धारा-302 के तहत जेल भेजता। उन्होंने कृष्ण को भी जेल भेजने की बात कही। इस अमयार्दित टिप्पणी करने के आरोप में विहिप ने कर्नलगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। रविवार को मुकदमा दर्ज करने के बाद कर्नलगंज पुलिस ने जांच शुरू कर दी। आईटी एक्ट के मामले में पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करेगी।

विहिप के जिला संयोजक शुभम ने इविवि के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विक्रम कुमार के खिलाफ आईपीसी की धारा 153ए व 295ए और आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत कर्नलगंज थाने में रविवार शाम एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर के मुताबिक, डॉ. विक्रम कुमार ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) एकाउंट पर देवी देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। डॉ. विक्रम ने देवता को जेल भेजने की बात लिखी है।

खेल

## न्यूज़ीलैंड पर ऐतिहासिक जीत से भारत का सेमीफाइनल का दावा मजबूत, शीर्ष पर पहुंची टीम इंडिया

**धर्मशाला, (एजेंसी)** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को वनडे विश्व कप का 21वां मुकाबला खेला गया। यह मैच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन मैदान में खेला गया। टीम इंडिया ने इस मैच को चार विकेट से अपने नाम किया। भारतीय टीम का न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा था। इसको लेकर भारतीय टीम पर दबाव था, लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने इस बार कोई गलती नहीं की और 20 वर्षों बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत हासिल की। इस मैच से ही अंक तालिका में भी बड़ा फेरबदल हुआ है।



दरअसल, 21वें मैच से पहले तक न्यूजीलैंड और भारत दोनों टीमें इस विश्व कप में अजेय थीं और चार में से चार मैच जीते थे। हालांकि, इस मैच के बाद कीवी टीम के साथ एक हार का आंकड़ा जुड़ गया, जबकि भारतीय टीम ने जीत का पंजा लगाया। भारतीय टीम अभी भी अजेय है और उसने पांच में से पांचों मैच जीते हैं। मैच से पहले तक न्यूजीलैंड की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर थी, लेकिन अब भारतीय टीम ने उन्हें हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

मौजूदा अंक तालिका में भारत ने पांच मैचों में पांच जीत हासिल की है। उसके 10 अंक हैं, जबकि नेट रन रेट +1.353 है। न्यूजीलैंड की टीम पांच मैचों में चार जीत और आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर लुढ़क गई है। उसका नेट रन रेट +1.481 है। 2019 विश्व कप में भारत अंक तालिका में शीर्ष पर रहा था। उसने नौ में से सात मैच जीते थे। एक में हार का सामना करना पड़ा था और एक मैच बेनतीजा रहा था। 2019 विश्व कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच लीग स्टेज का मुकाबला बारिश की वजह से नहीं हो सका था।

रोहित शर्मा की टीम इंडिया ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से, दूसरे मैच में अफगानिस्तान को आठ विकेट से और तीसरे मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था। पुणे में चौथे मैच में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को सात विकेट से शिकस्त दी और अब न्यूजीलैंड को हराया है। वहीं, कीवी टीम ने अपने पहले मैच में इंग्लैंड को नौ विकेट, दूसरे मैच में नीदरलैंड को 99 रन और तीसरे मैच में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया था। फिर अफगानिस्तान को हराकर जीत का चौका लगाया। हालांकि, पांचवें मैच में उन्हें भारत ने हराया।

भारत के अगले चार मैच

29 अक्तूबरः भारत बनाम इंग्लैंड

2 नवंबरः भारत बनाम श्रीलंका

5 नवंबरः भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका

12 नवंबरः भारत बनाम नीदरलैंड

नीदरलैंड के खिलाफ मैच से पहले तक दक्षिण अफ्रीका ने दो शानदार जीत हासिल की थी और एक में तो 400+ का स्कोर बनाया था। हालांकि, नीदरलैंड के खिलाफ अफ्रीकी टीम चोक कर गई और हार का सामना करना पड़ा।

सिनेमा

## 'बाजीगर' फेम दलीप ताहिल को 2 महीने की जेल, 5 साल बाद ड्रंक ड्राइविंग केस में मिली सजा



शाहरुख खान के 'बाजीगर' को-स्टार दलीप ताहिल की मुश्किलें बढ़ गई हैं. एक्टर को 2 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है. दरअसल, साल 2018 में दलीप, हिट एंड रन केस में फंसे थे. पांच साल बाद इस केस पर कोर्ट में सुनवाई हुई और एक्टर को 2 महीने की जेल की सजा मिली है. दलीप, नशे में ड्राइव कर रहे थे, जब एक ऑटोरिक्शा के पीछे उन्होंने गाड़ी मारी. उस रिक्शा में एक महिला बैठी थीं, जिन्हें काफी चोटे लगी थीं. यह केस मुंबई के खार में हुआ था. ड्रंक ड्राइविंग केस में दलीप को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 2 महीने की सजा सुनाई है.

दलीप ने इस केस पर सुनाई जाने वाली सजा पर बयान देते हुए कहा- मैं जज की इज्जत करता हूं. जो मजिस्ट्रेट कोर्ट में निर्णय लिया गया है, उसको मानता हूं. पर हम पूरे निर्णय को चैलेंज करने वाले हैं, हाई कोर्ट में मैं इसको लेकर अपील दूंगा. इस केस को सस्पेंड भी किया जा सकता था, पर नहीं किया गया. और इससे भी ज्यादा जरूरी मैं बात कहना चाहूंगा कि इस एक्सीडेंट में महिला को बहुत हल्की-फुल्की चोटें लगी थीं. मैंने किसी को चोट नहीं पहुंचाई है.

## संपादकीय

# बेहतर तरीका ढूंढना चाहिए

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तेज होती तैयारियों के बीच मध्य प्रदेश में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (SP) के बीच जो कड़वा विवाद सामने आ गया, उसके नतीजे न तो मध्य प्रदेश तक सीमित रहने वाले हैं और न ही विधानसभा चुनावों तक। समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव ने कह भी दिया है कि जब लोकसभा चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे की बात होगी, तब यूपी में कांग्रेस के साथ वह वैसा ही व्यवहार करेंगे जैसा उनके साथ मध्य प्रदेश में किया गया है। हालांकि यह बात पहले से कही जाती रही है कि विपक्षी दलों का I.N.D.I.A. गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर और लोकसभा चुनावों के लिए किया गया है। तो उसमें ऐसी कोई बात नहीं है जो अखिलेश यादव या उनकी समाजवादी पार्टी को समझ न आए। लेकिन सवाल यह है कि अगर बात इतनी ही साफ थी तो फिर मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने विधानसभा चुनावों को लेकर उससे कोई बातचीत शुरू ही क्यों की। क्यों उन नेताओं को इन चुनावों की रणनीति पर विचार-विमर्श के लिए बुलाया गया और जैसा कि समाजवादी पार्टी का दावा है, उसके लिए छह सीटें छोड़ने की तैयारी भी दिखाई गई और क्यों बाद में बिना किसी स्पष्टीकरण के सभी सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित कर दिए गए? इस प्रकरण पर कांग्रेस का कोई आधिकारिक बयान अभी नहीं आया है लेकिन यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने जो प्रतिक्रिया अखिलेश यादव के बयान पर दी है उससे इतना जरूर स्पष्ट होता है पार्टी इस मसले पर बचाव की मुद्रा में नहीं है। उसका कहना है कि मध्य प्रदेश में 22 सीटों पर उम्मीदवार खड़े करके समाजवादी पार्टी ने बीजेपी की मदद करने की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। बहरहाल, इस आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बयानबाजी के बीच भी कोई I.N.D.I.A. गठबंधन के खिलाफ कुछ नहीं बोल रहा। समाजवादी पार्टी ने भी यह नहीं कहा कि वह कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के साथ लोकसभा चुनावों में गठबंधन नहीं करेगी। उसका कहना सिर्फ यह है कि उस समय कांग्रेस के साथ जैसे को तैसा की तर्ज पर व्यवहार किया जाएगा। इसका सही मतलब दरअसल क्या है यह उसी समय स्पष्ट होगा, लेकिन अभी इतना जरूर कहा जा सकता है कि अगर सचमुच विपक्षी दल I.N.D.I.A. गठबंधन को लेकर गंभीर हैं और इसे बनाए रखना चाहते हैं तो उन्हें अपने मतभेदों को निपटाने का कोई बेहतर तरीका ढूंढना चाहिए।

### अर्ज किया है..!

*वो रातें चाँद के साथ गई*
*वो बातें चाँद के साथ गई*
*अब सुख के सपने क्या देखें*
*जब दुख का सूरज सर पर हो*

-इब्न-ए-इंशा

॥ जय सियाराम ॥

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**भगवान हमको दिखाई नहीं देता इसलिए वह मूल्यवान है....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### सैर-सपाटा

# पब्लिक हॉलिडे पर घूमने जा रहे हैं तो बैग में जरूर रखें ये चीजें

## ट्रिप पर नहीं होगी परेशानी



घूमने-फिरने के लिए जब कोई बाहर निकलता है तो हर किसी का मोटिव एंजॉय करना होता है। पब्लिक हॉलिडे पर अक्सर पेरेंट्स अपने बच्चों को शहर से बाहर घुमाने के लिए ले जाते हैं। ऐसे में कई बार ऐसा होता है कि कुछ टूरिस्ट प्लेसिस पर बहुत भीड़ हो जाती है, जिसकी वजह से ट्रिप खराब हो सकता है। हालांकि,अगर आप अपने बैग में कुछ चीजों को रख लेते हैं तो आपका ट्रिप आसान हो सकता है। अगर आप पब्लिक हॉलिडे पर घूमने के लिए जा रहे हैं तो यहां जानिए बैग में किन चीजों को रखें।

### ◆ दवाईयां रखें

अपने साथ हमेशा एक ऐसा बैग रखें जिसमें सभी तरह की दवाईयां हो। एक छोटी सी फर्स्ट एड किट में इसमें पुदीन हरा, इनो, उल्टी, बुखार, सिर दर्द या थकान से बचने की दवाईयां जरूर रखें। अगर आपकी रूटीन में कोई दवाई है तो उसे भी जरूर रखें।

### ◆ खाने का सामान

कई बार भीड़ वाली जगहों पर रेस्तरां में भी भीड़ होती है, ऐसे में तेज भूख से बचने के लिए अपने साथ खाने पीने के लिए कुछ चीजों को रखें। आप कुछ हेल्दी स्नैक्स रख सकते हैं। या फिर उन चीजों को भी लेकर जा सकते हैं जिन चीजों की शेल्फ लाइफ ज्यादा हो।

### ◆ पीने के लिए रखें जूस

अपने लिए एनर्जी ड्रिंक जैसी चीजें जरूर रखें। कई बार घूमने फिरने के चक्कर में आप पानी पीना भूल सकते हैं। ऐसे में डिहाईड्रेशन से बचने के लिए अपने साथ जूस या ईलेक्ट्रॉल पाउडर जरूर रखें।

### ◆ फोल्डिंग चेयर

अगर भीड़ वाले टूरिस्ट प्लेस पर जाएं तो अपने साथ फोल्डिंग चेयर रखें। कई बार रेस्तरां वगैराह में लंबी लाइन होती है और वेटिंग एरिया भी पूरी तरह से फुल होते हैं। ऐसे में फोल्डिंग चेहर काम आएगी। वहीं जब बैठने के लिए कोई जगह ना मिले तब भी ये काम आएगी।

## Highlights

1. 67-yr-old Maha man returns ₹1 lakh credited to account by mistake
2. Wagh Bakri's Executive Director Parag Desai dies aged 49 after attack by street dogs
3. Bus driver reverses at speed, hits vehicles over argument in Pune
4. Army issues statement on financial aid for family of Agniveer martyred in Siachen
5. Students allowed to wear Hijab during exam: K'taka Minister
6. Actress Gautami quits Tamil Nadu BJP after 25 years
7. Traffic restrictions in Mumbai on Oct 24 over Dussehra rally, ODI match

# Akasa Air planning to list by the end of this decade, says its CEO

**NEW DEIHI, (Agency).** India's newest airline Akasa Air, which is set to soon fly on international routes and will be placing a three-digit aircraft order, plans to list on the bourses by the end of the decade, its Chief Executive Officer Vinay Dube told PTI.

The 14-month-old Akasa Air, which already operates more than 750 weekly flights across 16 domestic destinations, including Mumbai, Ahmedabad, Bengaluru and Delhi, is looking at "gathering a little more history" before launching an initial public offering (IPO), he said.

We're now on WhatsApp. Click to join.

The airline plans to start international services by the end of this fiscal and has placed a firm order for 76 Boeing 737 MAX aeroplanes, all of which will join its fleet by mid-2027.

Currently, Akasa Air has a fleet of 20 aircraft and is looking to place an order for three-digit aircraft before the end of 2023, he noted.

Dube, the founder and CEO, said the airline is already generating free cash from operations and is well-funded for the new aircraft order it is going to place.




About the medium-term goals, Dube, in an interview, said that as a timeframe, by mid-2027, the airline expects to have 76 planes.

The aim is to be a pan India player with a very healthy domestic and international network and multiple bases, he added.

On going public, Dube said, "I don't think 2027 will be possible for a listing, but the listing is something that we definitely want to do. We may have to gather a little more history before we can list. Certainly, listing or an IPO is something that we would desire".

When asked whether listing could happen before the end of this decade, the Akasa Air chief said that is a "much more realistic goal".

Currently, two operational scheduled carriers are listed on the bourses -- IndiGo and SpiceJet. Jet Airways, which stopped flying in April 2019 due to financial woes, is also listed. The now-grounded Go First's earlier attempts for an IPO did not take off.

Meanwhile, Akasa Air has received international flying rights for Riyadh and Jeddah (Saudi Arabia), Doha (Qatar) and Kuwait. It will soon be starting overseas operations.

# Amazon asks managers to fire employees who violate this company policy

**NEW DEIHI, (Agency).** E-commerce giant Amazon has asked managers to now effectively fire employees who fail to comply with the company's 'three-days-a-week' return-to-office rule.

According to Business Insider (hidden behind paywall), the company has shared its latest guidelines with its managers asking them to first hold a private conversation with the employees who don't follow the policy. The entire discussion will have to be documented in a follow-up mail. In case the employee remains defiant and refuses to attend office three times a week, the manager needs to hold another meeting. If needed, the manager can take disciplinary action including the termination of services.




The guidelines stated that the conversation is intended to reinforce that return to office three days a week is a requirement of their job. The managers have to explain their employees that continued non-compliance without a legitimate reason may lead to disciplinary action, up to and including termination of the employment.

We're now on WhatsApp. Click to join.

Amazon had first announced the return-to-office policy, leading to more than 30,000 employees signing an internal petition and several walking out against it.

गाइड लाइन जारी

# 5-6 दशक से लंबित मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई

## इंदौर खंडपीठ में भी ऐसे मामले, जो तीन पीढ़ियों से चल रहे हैं

इंदौर। सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों में सिविल प्रकृति के 50 से 60 साल पुराने मामले लंबित रहने पर नाराजगी और चिंता जताई है। इन प्रकरणों का निपटारा करने के लिए शीर्ष अदालत ने 11 सूत्री दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इंदौर खंडपीठ में भी 60 साल पुराने कई मामले लंबित हैं। इनमें एक मामला शुजालपुर का है। एक मंदिर और उसके आसपास की जमीन के मालिकाना हक को लेकर दो पक्षों की तीसरी पीढ़ी केस लड़ रही है। मूल परिवाद लगाने वालों की मृत्यु हो चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एस रवींद्र भट और अरविंद कुमार ने एक 43 वर्ष पुराने मामले की सुनवाई करते समय अदालतों को इनके जल्दी निराकरण के लिए यह गाइड लाइन भेजी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक डेटा का हवाला भी दिया गया। इसमें लंबित प्रकरणों की संख्या का उल्लेख किया गया है। सुप्रीम कोर्ट बार के सदस्य अधिवक्ता मनोज बिनीवाले ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए हाई कोर्ट में कमेटी का गठन कर लंबित मामलों की मॉनिटरिंग के लिए कहा है। फैसले में इस बात पर जोर दिया गया कि जब देरी होती रहेगी तो पक्षकारों का न्यायिक व्यवस्था पर से भरोसा उठ जाएगा।

### शीर्ष अदालत के दिशा-निर्देश- जहां जरूरी, वहां दिन-प्रतिदिन सुनवाई हो

1. समन की तामीली समय पर और शीघ्र हो।
2. 30 दिन से अधिक अवधि लिखित कथन के संबंध में दिए जाने पर न्यायालय को कारण लिखना होगा।
3. समझौता करने की दशा में न्यायालय को समय सीमा के अंदर सूचित करना होगा। अन्यथा मुकदमा तेजी से चलाया जाएगा।
4. समयावधि के पूर्ण होने के तुरंत एक सप्ताह बाद मुकदमे के वाद कारण न्यायालय द्वारा बना दिए जाएंगे।
5. जहां पर आवश्यक हो वहां दिन-प्रतिदिन प्रकरणों की सुनवाई करनी होगी।
6. प्रकरण में तारीख आगे बढ़ाने के लिए कॉस्ट लगाने की प्रवत्ति को बढ़ावा देना होगा।
7. जैसा कि कानून में प्रावधान है बहस पूरी होने के बाद निर्धारित समय सीमा में न्यायालय को फैसला सुनाना होगा।
8. 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों में एक सूची बनाकर कमेटी को भेजना होगी। मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा निर्णय लिए जाएंगे।
9. संविधान में रिटायर न्यायाधीशों की सेवाएं लेने का भी प्रावधान है। इसके लिए बड़ी प्रक्रिया भी नहीं करना होती। रिटायर जजेस को लंबा अनुभव भी होता है। अपीलों की सुनवाई का काम इनसे लिया जा सकता है।

# नौ साल के बच्चे को स्कूल वैन ने टक्कर मारी, मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में एक नौ साल के बच्चे को निजी स्कूल वैन ने टक्कर मार दी। घटना परदेशीपुरा इलाके में हुई। गंभीर हालत में बच्चे को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल ले गए लेकिन देर रात उसकी मौत हो गई। बच्चे की उम्र मात्र 9 वर्ष थी। बच्चा अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था जब यह घटना हुई। परिवार के लोगों ने बताया कि घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर ही हादसा हुआ। वहां पर कैमरे भी लगे थे जिनमें पूरी घटना कैद हुई है।**

शनिवार शाम करीब 5 बजे जनता क्वार्टर इलाके में बालक आशीष शर्मा घर के बाहर खेल रहा था। इसी समय विकास विद्या निकेतन की एक स्कूल वैन ने उसे टक्कर मार दी। घायल आशीष को लोग तुरंत उपचार के लिए एमवाय अस्पताल ले गए। लोगों ने वैन को भी रोक लिया और चालक को पकड़ लिया। अस्पताल में डाक्टरों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन बचा नहीं सके।

### स्कूल से आकर खेलने चला गया था

परिवार के लोगों ने बताया की आशीष तीसरी कक्षा में पढ़ाई करता था। शाम को वह स्कूल से आया और दोस्तों के साथ घर के बाहर खेलने लगा। तभी वैन चालक ने उसे टक्कर मार दी। परदेशीपुरा पुलिस ने वैन को जब्त कर लिया है। आशीष के परिवार में उसके दो बड़े भाई हैं। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा है। आशीष के पिता भी ड्राइविंग का ही काम करते हैं।

# लाखों के मोबाइल चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाणगंगा थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक दुकान को निशाना बनाया। चोर प्लाय तोड़कर दुकान में घुसे और लाखों के मोबाइल फोन चुरा ले गए। पुलिस ने धर्मेंद्र साहू निवासी कर्मा नगर की शिकायत पर केस दर्ज किया है। साहू की गणेश नगर में मोबाइल दुकान है। आरोपितों ने प्लाय तोड़कर महंगे फोन पर हाथ साफ कर दिया।

बंद दवा फैक्ट्री में झूठी निकली डकैती की कहानी

# जिस नंबर से गार्ड ने आखिरी कॉल किया पुलिस ने उसी से ढूंढ निकाला असली चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर के चंदन नगर की बंद दवा फैक्ट्री में चोरी के मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस को बताया गया था कि फैक्ट्री में डकैती डालने आए थे, लेकिन पुलिस की जांच में वहां काम करने वाले गार्ड ने ही पूरा षडयंत्र रचा था। हालांकि पुलिस ने अधिकृत रूप से इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि पुलिस पूरे मामले का जल्द ही खुलासा कर देगी।

पुलिस के अफसरों का कहना है कि पूरी प्लानिंग के साथ यहां से कबाड़ की चोरी की जा रही थी। रुपए के बंटवारे को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और मारपीट करने वाले युवकों को फंसाने के लिये डकैती को लेकर कहानी गढ़ी गई। बंद दवा फैक्ट्री प्लेथिको के गार्ड ने रविवार को डकैतों से संघर्ष और हवाई फायर की शिकायत की थी। उस मामले में वहां मौजूद गार्ड के मोबाइल डिटेल में लास्ट कॉल ने पुलिस का संदेह बढ़ा दिया। गार्ड से पूछताछ की गई तो वह उसका साथी का ही निकला। चंदन नगर इलाके के ग्राम कलारिया में बंद पड़ी प्लेथिको फार्मा कंपनी में चोरी को लेकर डकैती डालने की शिकायत पुलिस से की गई थी। इसमें सुरक्षा गार्डों पर हवाई फायर कर बदमाश अपने औजार और सामान चुराकर ले गए। इस मामले में रविवार सुबह 5 बजे बाद से पुलिस को जब सूचना मिली तो अफसर करीब 1 बजे तक फार्मा कंपनी में डटे रहे। जिसमें जंगल के बीच बनी कंपनी को लेकर गार्ड से फायर करने वाली जगह ओर अन्य बातों को लेकर पूछताछ की गई। इधर क्राइम ब्रांच भी इस मामले में मौके पर पहुंची। जिसमें एक गार्ड के पास आए एक ही नंबर से दो बार के कॉल ने संदेह की शुरूआत की।

# बुर्के में ड्रग्स छुपाकर ले जा रही थी महिला, दो तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने महिला तस्कर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला बुर्के में ड्रग्स के पैकेट छुपाकर लाती थी। आरोपितों के खिलाफ छत्रीपुरा थाना में केस दर्ज किया है। आरोपितों से सप्लाई करने वाले तस्करों के संबंध में पूछताछ चल रही है। डीसीपी (अपराध) निमिष अग्रवाल के मुताबिक, आरोपित शहजाद कमरुद्दीन निवासी लाबरिया भेरू और ताहिरा शराफत शाह निवासी चंदन नगर है। पुलिस ने दोनों को गंगवाल बस स्टैंड के समीप से पकड़ा है। डीसीपी के मुताबिक, ताहिरा बुर्के में ड्रग्स के पैकेट छुपा लाती थी ताकि पुलिस उसकी चेकिंग न कर सके। आरोपित शहजाद के विरुद्ध छह आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।